# चित्रकूट-पुलिस

**(1).** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे "मिशन शक्ति अभियान-4" के तत्वाधान में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों/''शक्ति दीदी'' द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

"मिशन शक्ति अभियान-4" व ''शक्ति दीदी'' अभियान के तहत आज दिनांक 26.03.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट महोदय श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रो में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामो में भ्रमण किया गया । महिलाओं/बालिकाओँ को "मिशन शक्ति" व ''शक्ति दीदी'' के सार्वजनिक स्थलो जैसे-चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिला/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई । इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है। इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया। इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की जाती है।

**(2).** आज दिनाँक 26.03.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह निर्देशन में शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृण बनाये रखने हेतु थाना/चौकी प्रभारियो द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया। पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओँ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सरकारी शराब की दुकानों को चेक किया गया एवं 02/04 पहिया वाहनों की चेकिंग की गयी।

**(3).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में आगामी लोकसभा चुनाव एवं होली त्यैहार के दृष्टिगत अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में चित्रकूट पुलिस ने 04 अभियुक्तों के कब्जे से 111 क्वार्टर देशी कच्ची शराब बरामद की गयी।

(क) उ0नि0 श्री श्यामदेव सिंह थाना कोतवाली कर्वी एवं उनकी टीम द्वारा अभियुक्त मतगंजन साहू पुत्र लसकू निवासी गल्ला मंडी गेट थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट को 24 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।

(ख) उ0नि0 श्री नन्दराम थाना बहिलपुरवा एवं उनकी टीम द्वारा अभियुक्त राजेश पुत्र चुनबाद निवासी सेहरिन थाना बहिलपुरवा जनपद चित्रकूट को 20 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।

(ग) उ0नि0 श्री त्रिलोकी नाथ मिश्रा थाना पहाड़ी एवं उनकी टीम द्वारा अभियुक्त तेजपाल पुत्र जियालाल निवासी बाबूपुर थाना पहाड़ी जनपद चित्रकूट को 22 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।

(घ) उ0नि0 श्री मुकेश सिंह परिहार थाना मानिकपुर एवं उनकी टीम द्वारा अभियुक्त अक्षयलाल यादव पुत्र राजकरन निवासी रानीपुर कल्याणगढ़ थाना मानिकपुर जनपद चित्रकूट को 45 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।

(4). पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अपराध एवं अपराधों की रोकथाम हेतु अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में भोली-भाली जनता में भय आतंक फैलाकर गुण्डा गर्दी करने वाले 11 अभियुक्तों के विरूद्ध मिनी गुण्डा की कार्यवाही की गयी।

(1). प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री उपेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा अभियुक्त 1. हरिमोहन यादव पुत्र स्व0 दादूराम निवासी लोढ़वारा थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट 2. रामऔतार यादव पुत्र स्व0 दादूराम निवासी लोढ़वारा थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट 3. छोटू पुत्र जागेश्वर तिवारी निवासी कालूपुर पाही थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट 4. वींरेन्द्र पुत्र जागेश्वर तिवारी निवासी कालूपुर पाही थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट 5. धर्मेन्द्र पुत्र जागेश्वर तिवारी निवासी कालूपुर पाही थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट 6. जानकीशरण पुत्र शिवभजन निवासी कालूपुर पाही थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट 7.धींरेन्द्र पुत्र जागेश्वर तिवारी निवासी कालूपुर पाही थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट 8. नत्थू पुत्र रामेश्वर यादव निवासी नरायनपुर थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट 9. कमल किशोर पुत्र रामेश्वर यादव निवासी नरायनपुर थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट 10. रामरतन पुत्र देवकुमार निवासी नरायनपुर थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट के विरुद्ध धारा 110जी सीआरपीसी की कार्यवाही की गयी।

(2). प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी श्री श्याम प्रताप पटेल द्वारा अभियुक्त 1.महिपाल पुत्र चुनकू निवासी हर्रा 2. जगतपाल पुत्र चुनकू निवासी हर्रा थाना पहाड़ी जनपद चित्रकूट के विरुद्ध धारा 110 जी सीआरपीसी की कार्यवाही की गयी।